
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

02 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार


देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाए

गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगा।

**लालबहादुर शास्त्री**

( स्वाधीनता सेनानी )

जन्म : 02 अक्टूबर 1904



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


# मधु प्रिया


## गोपालगंज एवं बेगूसराय जिले की स्थापना 2 अक्टूबर




गोपालगंज जिले की स्थापना 2 अक्टूबर 1973 को किया गया। पहले यह सारण जिला का एक छोटा शहर हुआ करता था, जो कि 1875 में अनुमंडल बना। गोपालगंज सारण प्रमंडल अंतर्गत एक शहर एवं जिला है। गंडक नदी के पश्चिमी तट पर बसाया भोजपुरी भाषी जिला ईख उत्पादन के लिए जाना जाता है। मध्यकाल में चेर राजाओं तथा अंग्रेजों के समय यह हथुवा राज्य का केंद्र रहा है। यह राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद का गृह जिला है। थावे दुर्गा, नेचुआ जलालपुर दुर्गा मंदिर, रामवृक्ष धाम, बुद्ध मंदिर बेलबनुवा हनुमान मंदिर, दिधवादुबौली सिंहासनी मंदिर प्रमुख दर्शनीय स्थल है। गोपालगंज उत्तर बिहार का अंतिम जिला है वहीं 2 अक्टूबर 1972 को बेगूसराय जिले की भी स्थापना हुई। यह भारत के बिहार राज्य के 38 जिलों में से एक है। यह जिला गंगा नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित है। पर्यटन स्थलों में जय मंगल मंदिर, नौव लक्ष्मा मंदिर, कावर झील आदि है। यह 1870 में मुंगेर जिले के उपखंड के रूप में स्थापित किया गया था। 1972 में यह एक जिला के रूप में स्थापित किया गया। जिले का नाम जाहिरा तौर पर "बेगम"( रानी) "सराय" (सराय) से आता है क्योंकि भागलपुर की "बेगम" तीर्थ यात्रा के लिए 1 महीने के लिए "सिमरिया घाट" (गंगा बैंक में एक पवित्र स्थान )के लिए आते थे बाद में बेगूसराय के मौजूदा स्लान्ग का रूप ले लिया।यह प्रसिद्ध हिंदी कवि राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म स्थान है। हालांकि ज्यादातर लोग मुंगेर को जन्म स्थान के रूप में जानते हैं क्योंकि बेगूसराय उनके जन्म के दौरान मुंगेर का हिस्सा था। प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर राम सरन शर्मा का भी बेगूसराय में ही जन्म स्थान है। बेगूसराय ऐतिहासिक मिथिला क्षेत्र का हिस्सा है।

# जयंती विशेष 02 अक्टूबर





## गांधी जयंती

- **जन्म**: महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था।
- **योगदान**: उन्हें 'राष्ट्रपिता' के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों के आधार पर भारत को स्वतंत्रता दिलाई।
- **राष्ट्रीय अवकाश**: 2 अक्टूबर को भारत में एक राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया है, और इसे पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जाता है।


## लाल बहादुर शास्त्री जयंती

- **जन्म**: लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय (अब दीनदयाल उपाध्याय नगर) में हुआ था।
- **योगदान**: वे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे और उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था, जो आज भी लोगों को प्रेरित करता है।
- **स्मरण**: उनकी सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता है।



# विजयादशमी दशहरा


हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर विजयदशमी और दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह दोनों ही त्योहार अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देते हैं।




## विजयादशमी का महत्व

हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली दशमी तिथि पर ही विजयदशमी का भी पर्व मनाया जाता है। इस दिन को मां दुर्गा के महिषासुर नामक दैत्य पर विजय के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार शारदीय नवरात्र के समापन का प्रतीक भी है। मार्कंडेय पुराण में वर्णित कथा के अनुसार, देवी दुर्गा ने आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से दशमी तिथि तक महिषासुर से युद्ध किया था।

## क्यों मनाया जाता है दशहरा



आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर दशहरे का पर्व मनाया जाता है। यह वह दिन है जब भगवान राम ने रावण का वध किया था और अधर्म पर धर्म की स्थापना की थी। हर साल इस दिन पर देशभर में मेले लगते हैं और रावण का पुतला बनाकर उसका दहन किया जाता है, जिसे हम सभी रावण दहन के रूप में जानते हैं। शुभ दशहरा

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The change makers

## MATH TLM
Class-6to8

47

## महत्वपूर्ण सूत्र (ब्याज)

$$\text{मूलधन} = \frac{\text{मिश्रधन} \times 100}{100 + (\text{समय} \times \text{दर})}$$

जैसे - मिश्रधन = 8000, समय=4 वर्ष
दर=5%, मूलधन=?

हल- $$\frac{8000 \times 100}{100 + (4 \times 5)} = 6666.67\text{रु}$$

Anu Priya, Science Teacher




# भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

| डेट | फॉर्मेट | स्टेडियम |
|---|---|---|
| 19 अक्टूबर | पहला वनडे, | पर्थ स्टेडियम (D/N) |
| 23 अक्टूबर | दूसरा वनडे | एडिलेड (D/N) |
| 25 अक्टूबर | तीसरा वनडे | सिडनी (D/N) |
| 29 अक्टूबर | पहला T20I | कैनबरा (N) |
| 31 अक्टूबर | दूसरा T20I | MCG (N) |
| 2 नवंबर | तीसरा T20I | होबार्ट (N) |
| 6 नवंबर | चौथा T20I | गोल्ड कोस्ट (N) |
| 8 नवंबर | पांचवां T20I | गाबा (N) |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश




आज का शब्द 02.10.2025

## अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस

अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस हर साल महात्मा गांधी के जन्मदिन, **2** अक्टूबर को मनाया जाता है. **2007** में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **2** अक्टूबर को इस दिवस के रूप में स्थापित किया था, जिसका उद्देश्य अहिंसा के संदेश का प्रसार करना और गांधी के अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन का जश्न मनाना है.

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



## दहेज में ली खादी

शास्त्री जी जात-पात के सख्त खिलाफ थे. तभी उन्होंने अपने नाम के पीछे सरनेम नहीं लगाया. शास्त्री की उपाधि उनको काशी विद्यापीठ से पढ़ाई के बाद मिली थी. वहीं अपनी शादी में उन्होंने दहेज लेने से इनकार कर दिया था. लेकिन ससुर के बहुत जोर देने पर उन्होंने कुछ मीटर खादी का दहेज लिया.

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### चेरी



मुझमें विटामिन सी, पोटैशियम, कैरोटेनॉइड्स, एंथोसायनिन, मेलाटोनिन और फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

प्यार किसी को करना लेकिन
कह कर उसे बताना क्या
अपने को अर्पण करना पर
औरों को अपनाना क्या

**हरिवंशराय बच्चन**


www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Happy
Vijayadashami
Sending all warm wishes on this auspicious occasion of Vijayadashami.
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


बेगूसराय जिला स्थापना दिवस
2 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS











# गोपालगंज स्थापना दिवस

## 2 अक्टूबर

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महात्मा गांधी
जन्म 2 अक्टूबर 1869
मृत्यु 30 जनवरी 1948
Madhu priya
/teachersofbihar



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लालबहादुर शास्त्री
जन्मः 2 अक्टूबर 1904
मृत्युः 11 जनवरी 1966
Madhu priya
/teachersofbihar


विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya